विषय हिन्दी। कक्षा दसवीं

समय 90मिनट पूर्णांक 40

प्रश्न 1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के अनुसार उत्तर लिखिए 1×5=5

साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है । ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिल्कुल निडर, होकर बिल्कुल बेखौफ होती है ।साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है । अड़ोस -पडोस को देख कर चलना ,यह साधारण जीव का काम है । क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना ना तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और ना अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं। साहसी मनुष्य सपनों में भी रस लेता है जिन सपनों का कोई व्यवहारिक अर्थ नहीं है।

प्रश्न 1-लेखक के अनुसार किस प्रकार की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी कहीं जाती है?

क- समझौता वादी जिंदगी

ख साहस की जिंदगी

ग सादगी पूर्ण जिंदगी

घ अवसरवादी जिंदगी

2-साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह-

क सदा आगे बढ़ता जाता है।

ख लोगों की सोच की परवाह नहीं करता।

ग बिल्कुल लापरवाही नहीं करता।

घ बाधाओं से नहीं घबराता।

3- दुनिया की असली ताकत किस प्रकार के लोग होते हैं ?

क लोगों की उपेक्षा करके जीने वाले।

ख सब लोगों की सलाह मानने वाले

ग प्रीथा कथा को महत्व देने वाले।

घ पड़ोसी की बात सिर झुका कर मारने वाले।

4- 'निडर ' शब्द में कौन सा समास है।

क अव्ययीभाव समास

ख तत्पुरुष समास

ग द्वंद्व समास

घ बहुव्रीहि समास ।

5- उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक चाहिए-

क जिंदगी

ख मनुष्यता

ग सास की जिंदगी

घ साहसी

प्रश्न 2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए , 1×5=5

पुणे से ईर्ष्या क्या

जो सपनों के जंगल में
अपने से ही निर्वासित है।
हुए करुणा के पात्र
जो जाति मानवता के साथ
जो झरने की उमंग से वे वंचित हैं।
उन पर कैसा व्यंग्य
व्यंग्य जो स्वयं समय के बने हुए हैं।
हमने जीवन को
दुखांत नाटक समान स्वीकार किया है,
अपना देखा दोष
ना हमने औरों को ही दोष दिया है।
कुछ विधान है
जो निर्मम गति से चलता है,

1- कवि किनसे ईर्ष्या न करने को कहता है।

क जो आशावादी हैं
ख जीने अच्छे जीवन के स्वप्न भी नहीं आते।
ग जो निराशावादी है।
घ जो जीवन को सुखद मानते हैं।

2- हमारी करुणा के पात्र वे व्यक्ति हैं जो-

क दूसरों की भलाई करते हैं
ख दूसरों से ईर्ष्या करते हैं
ग जूझने की उमंग से भी वंचित है
घ बहुत निर्बल हैं।

3- विधान है जो निर्मम गति से चलता है पंक्ति का आशय है-

क विधान की गति तीव्र होती है
ख निर्मम गति से चलने वाला विधान कहलाता है।
ग जो विधान है वह निर्मम है
घ विधान में जो कुछ है वह होकर ही रहता है।

4-विधान शब्द का समानार्थक है-

क संविधान
ख भाग्य
ग नियम
घ इनमें से कोई नहीं।

5- उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक बताइए

क गरीब लोग
ख निर्मम गति

ग निय ति की विडंबना ।

घ करुणा के पात्र।

प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए 1×5=5

क गोपियों को उद्धव का योग कैसा लगता है?

ख गोपियों ने योग को कड़वी ककड़ी कहा है क्यों ?

ग गोपियों ने उद्धव को क्या संदेश देना चाहा है

घ बिथा शब्द का तत्सम रूप लिखिए

ड धीरज कौन नहीं रख पा रहा है।

प्रश्न 5- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए 2×4=8

क सेवकु सो जोकरें सेवकाई का आशय स्पष्ट कीजिए।

ख महर्षि परशुराम किस लिए क्रोधित हुए थे?

ग लक्ष्मण ने परशुराम के प्रति क्या व्यंग वचन कहे।

घ परशुराम ने अपने पराक्रम की प्रशंसा किस प्रकार की?

प्रश्न 6- निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए 1×3=3

1-सेनानी ना होते हुए भी चश्मे वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?

प्रश्न 7-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-1×3+1×3=6

1-बाल गोबिनके व्यक्तित्व की विशेषता थी ?

क वह गृहस्थ थे

ख वह साधु थे

ग वह खेती बारी करते और परिवार रखते थे।

घ गृहस्थ होते हुए भी वेशभूषा और विचारों से साधु थे।

2-बाल गोविंद कबीर को मानते थे

क गुरु

ख समाज सुधारक

ग साहब

घ ईश्वर का भक्त

3- दरबार का आशय है-

क भगवान का मंदिर

ख साहब का दफ्तर

ग कबीरपंथी मठ

घ कबीर की झोपड़ी

4 दो टूक बात करना मुहावरे का अर्थ है।

क स्पष्ट बात करना

ख कठोर बात करना

ग आप प्रिय सत्य बोलना

घ बात को दो टुकड़ों में बांट कर कहना।

5 बाल गोविंद भगत अपने गृहस्थी का पालन करते थे।

क खेत में पैदा हुए अन्न से।

खभिक्षा में प्राप्त हुए खाद्य पदार्थ से

ग दरबार से प्राप्त हुए प्रसाद से

घ खेत में काम के बदले मिली मजदूरी से।

6- लेखक किस पर मुग्ध है?

क गीतों की मधुरता पर

ख खेतों की हरियाली पर

ग लोगों की मधुरता पर

घ सुंदर वातावरण पर।

प्रश्न 8-दो वाक्यों को मिलाकर एक सरल एक मिश्रित तथा एक संयुक्त वाक्य बनाइए। 1 ×3=3

क प्रधानाचार्य हाल में आए सब विद्यार्थी शांत हो गए।

प्रश्न 9-अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पत्र लिखिए 5 ,